राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2022/ 2887 दिनांकः– 31/08/22

समस्त, प्रधानाचार्य
राजकीय ए.एन.एम.
प्रशिक्षण केन्द्रों, राजस्थान।

विषयः– ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म ऑन–लाईन भिजवाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, अतः उक्त परीक्षा में बैठने की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा फार्म राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, विभागीय पोर्टल www.rncjaipur.org पर दिनांक 02.09.2022 (शुक्रवार) सांयकाल 05:00 बजे तक प्रति प्रशिक्षणार्थी विलम्ब शुल्क राशि 200/– रुपये (अक्षरे राशि दो सौ रुपये मात्र) के भिजवाया जाना सुनिश्चित करवायें। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगे ना ही तिथि बढाई जायेगी। अतः परीक्षा फार्म मय विलम्ब शुल्क जमा होने के पश्चात भरे हुये फार्म का प्रिंट लेकर प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कर दस्तावेजों को संलग्न कार्यालय दिनांक 06.09.2022 सांयकाल 05.00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक अपलोड नही होने पर एवं कार्यालय में सत्यापित कॉपी जमा नही होने पर समस्त जिम्मेदारी संस्था की होगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

(डॉ. शशिकान्त शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2022/ 2887 दिनांकः– 31/08/22
प्रतिलिपी सूचनार्थ प्रेषित है।

1. निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, राज. नर्सिंग कौंसिल, जयपुर।
2. निजी सहायक, रजिस्ट्रार, राज. नर्सिंग कौंसिल, जयपुर।
3. लेखा शाखा,
4. रक्षित पत्रावली,

(डॉ. शशिकान्त शर्मा)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।